# आध्यात्मिकता ही सम्पूर्ण स्वस्थ जीवन की कुंजी





बस्ती। 12 दिवसीय अलविदा तनाव शिविर का उद्‌घाटन करते हुए ब्र.कु.पूनम, ब्र.कु.सुरेन्द्र, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बस्ती की राजमाता आसिमा सिंह, जिलाधिकारी अनिल कुमार तथा संस्था की स्थानीय संचालिका ब्र.कु.गीता।

**बस्ती।** ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा शहर में 12 दिवसीय अलविदा तनाव शिविर का आयोजन किया गया। तनाव प्रबंधन विशेषज्ञा ब्र.कु.पूनम ने शिविर का कुशल संचालन किया। वे शहर के जी.आई.सी मैदान में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रही थीं। शिविर के प्रथम दिन को शुभभावना दिवस के रूप में मनाने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि शुभ-भावनाएं हमारे सम्बंधों एवं स्वास्थ्य को सही आयाम प्रदान करती हैं। चिकित्सा विज्ञान में स्वास्थ्य हेतु कार्यरत एलोपैथी, होम्योपैथी की तरह आपसी सम्बंधों में मधुरता लाने हेतु सिम्पैथी सर्वश्रेष्ठ औषधि है। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में हुई एक रिसर्च के अनुसार, धूम्रपान एवं शराब से कहीं ज़्यादा, व्यक्ति अपनी नकारात्मक भावनाओं, ईर्ष्या-द्वेष एवं बदले की भावनाओं के कारण हृदय रोग के शिकार हो रहे हैं। इसी समस्या का हल बताते हुए उन्होंने कहा कि हम सकारात्मक विचारों के द्वारा अपनी जीवन शैली में परिवर्तन लाकर अनेक रोगों एवं प्रतिकूल परिस्थितियों के विपरीत प्रभावों से सुरक्षित रह सकते हैं।

> **आज व्यक्ति अल्प अवधि में ही सबकुछ प्राप्त करना चाहता है। जो वस्तु उसके पास है उसका सुख तो वह लेता नहीं और जो नहीं है उसे तुरन्त प्राप्त करना चाहता है। साधनों के लिए वह आपसी स्नेह एवं सम्बंधों का अनादर करने लगता है तथा यही उसके तनाव का मुख्य कारण भी बनता है।**

इसके पूर्व शिविर के उद्‌घाटन सत्र का दीप प्रज्वलन के साथ विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था की पूर्वी-उत्तर भारत एवं पश्चिमी नेपाल की क्षेत्रीय निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु.सुरेन्द्र ने कहा कि आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों का पतन ही तनावयुक्त समाज का मूल कारण हैं। उन्होंने पूर्ण विश्वास जताया कि 12 दिनों के इस शिविर के माध्यम से बस्ती निवासी भाई-बहनों को अपना जीवन सुखी एवं शांतिमय बनाने में सहयोग मिलेगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बस्ती की राजमाता एवं भारतीय रेल परिवहन प्रबन्धन संस्थान, लखनउ की निदेशिका आसिमा सिंह ने ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा की जा रही नि:स्वार्थ एवं जन उत्थान के कार्यों की प्रशंसा की। रेलवे के कर्मचारियों के ऊपर किए गए प्रयोग का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था समाज को तनाव-मुक्त एवं खुशहाल बनाने में सक्षम है। जिलाधिकारी अनिल कुमार देवले ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक लोगों को शिविर का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है कि ब्रह्माकुमारी संस्था नि:शुल्क रूप में यह स्वर्णिम अवसर प्रदान कर रही है। कार्यक्रम में वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्र.कु.कुसुम तथा राजयोगी ब्र.कु.दिपेन्द्र ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं।

- 12 दिवसीय शिविर का विधिवत शुभारंभ।
- चिन्ता आपको मिटाए उससे पहले मिटा दीजिए चिन्ता को।
- राजमाता एवं ज़िलाधिकारी ने दीं अपनी शुभ-कामनाएं।
- समाज को तनावमुक्त जीवन देने में सक्षम है ब्रह्माकुमारी संस्था।

संस्था की स्थानीय संचालिका ब्र.कु. गीता ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन ब्र.कु.विपिन ने किया।

# श्रेष्ठ समाज के निर्माण की शिक्षा सभी धर्मों ने दी

**भोपाल।** सांसद कैलाश जोशी ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय मुख्यालय, 'राजयोग भवन' में अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलनों के उद्‌घाटन अवसर पर कहा कि भारत एक धर्म प्रधान देश है जहाँ सभी धर्मों को एक समान दर्जा प्राप्त है। धर्म पालन का अर्थ ही है जीवन में श्रेष्ठ धारणा करना। हर धर्म हमें जीवन में श्रेष्ठ संस्कार को धारण कर मर्यादित और अनुशासित शैली अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि मर्यादाओं के पालन से हमारा जीवन निखरता है तथा श्रेष्ठ चरित्र से ही उत्कृष्ट समाज का निर्माण संभव है।

चित्रकूट धाम से पधारी ब्रह्माकुमारी संस्था के धार्मिक प्रभाग की क्षेत्रीय संयोजिका ब्र.कु.दुर्गेशनन्दिनी ने मुख्य वक्तव्य देते हुए कहा कि सबका मालिक एक निराकार परमात्मा है, जो अन्य धर्म संस्थापकों के भी पिता हैं। यही कारण है जो सभी धर्म एक मर्यादा में चल रहे हैं। सत्य को जीवन में धारण करने से ही सत्यमेव जयते का नारा चरितार्थ होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वयं के संस्कार परिवर्तन करने से ही संसार परिवर्तन होगा।

स्व-परिवर्तन के लिए परमात्मा की स्मृति तथा श्रीमत प्रमाण चलना आवश्यक है। ब्रह्माकुमारी संस्था की क्षेत्रीय निदेशिका ब्र.कु.अवधेश ने कहा कि सृष्टि परिवर्तन का समय बहुत करीब है। ऐसे समय में परमात्मा ने अवतरित होकर हमें आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग की शिक्षा दी है। इसी राजयोग के अभ्यास से हम आनेवाली समस्याओं एवं कठिन परीक्षाओं का सामना कर सकेंगे।



भोपाल। अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलनों के उद्‌घाटन अवसर पर दीप प्रज्वलन करते हुए सांसद कैलाश जोशी, ब्र.कु.दुर्गेशनन्दिनी, ब्र.कु.अवधेश तथा अन्य।

कार्यक्रम में डॉ. शंकरलाल पाटीदार, फादर आनंद मटुंगल, डॉ. सुनीता जैन, बौद्ध विहार से भन्ते सागर शाक्य पुत्र, सरदार दिलीप सिंह एवं अन्य धर्मों के गुरुजनों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इसके अलावा ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा नव निर्मित लाइट एंड साउण्ड शो का अतिथियों द्वारा उद्‌घाटन किया गया। इस शो के माध्यम से जन-जन को परमात्म अवतरण और उनके दिव्य कर्तव्यों के बारे में बताया जाएगा।

कार्यालय- ओम शान्ति मीडिया, संपादक- ब्र.कु.गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़, शान्तिवन, तलहटी, पोस्ट बॉक्स न.- 5, आबू रोड (राज.)- 307510
सदस्यता के लिए सम्पर्क- M - 9414006096, 9414182088, Email- mediabkm@gmail.com, omshantimedia@bkivv.org, Website- www.omshantimedia.info

सदस्यता शुल्क: भारत - वार्षिक 170 रुपये, तीन वर्ष 510 रुपये, आजीवन 4000 रुपये । विदेश - 2000 रुपये (वार्षिक)
कृपया सदस्यता शुल्क 'ओमशान्ति मीडिया' के नाम मनीऑर्डर या बैंक ड्राफ्ट (पेएबल एट शान्तिवन, आबू रोड) द्वारा भेजें।

RNI NO RAJHN/2000/721, NEWS PAPER TO POST CONCESSIONAL REGISTRATION NO. RJ/SIROHI/9623/12-14, 12TH TO 14TH, 22ND TO 24TH POSTED TO SHANTIVAN POST OFFICE
संपादक: ब्र.कु.गंगाधर, प्रकाशक: ब्र.कु.करुणा द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग (आर.ई.आर.एफ) के लिए प्रकाशित एवं डी.बी.प्रिंट सॉल्यूशन्स जयपुर से मुद्रित।